हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

06 40 दिन में 11876 बालिकाओं का हो चुका है …



07 शहरी क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि तथा परिसरों में…





## खबर संक्षेप

### दो मंदिरों में चोरी करने वाले शातिर चोर धराए

**इटारसी।** शहर के दो प्रमुख मंदिरों में एक ही रात में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए इटारसी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से करीब 29,250 रुपये मूल्य का चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है। घटना 8 और 9 अप्रैल की दरम्यानी रात की है, जब अज्ञात चोरों ने अर्ध नागेश्वर मंदिर फोर लाइन और कपलेश्वर महादेव मंदिर राठी दाल मिल के पास से पीतल और कांसे के घंटे, कलश, जलधारा और आरती के बर्तन चोरी कर लिए थे। फरियादी अरुण शर्मा और दीपक मिश्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। एसपी साईं कृष्णा थोटा और एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों को दबोचा। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवक प्लास्टिक की बोरी में चोरी का सामान लेकर बेचने की फिराक में शीतला माता मंदिर की ओर जा रहे हैं। मामले में आरोपी रोहित सोनेले 20 वर्ष, निवासी बूढ़ी माता मंदिर रोड, शुभम राजपूत 22 वर्ष, निवासी बूढ़ी माता मंदिर रोड को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया।

### केसला में लोकायुक्त ने लिया बड़ा एक्शन

# 'पशु सखी' से 20 हजार की रिश्वत लेते 3 अधिकारी-कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार

लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को केसला जनपद पंचायत के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में बड़ी कार्रवाई की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करते हुए भोपाल लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को केसला जनपद पंचायत के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक 'पशु सखी' से 20,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए सहायक विकासखंड प्रबंधक सहित तीन लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस ट्रैप कार्रवाई से स्थानीय प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

#### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत केसला में कार्यरत 'पशु सखी' सुनैया बरकडे को फरवरी 2026 में उनके काम के एवज में 29,700 रुपये का मानदेय मिला था। इसके बाद सहायक विकासखंड प्रबंधक धर्मेन्द्र गुप्ता ने उन पर यह कहते हुए दबाव बनाना शुरू किया कि उन्होंने काम कम किया है और अधिकारियों की मिलीभगत से उनका ज्यादा मानदेय बन गया है। गुप्ता ने शिकायतकर्ता को नौकरी से निकालकर किसी अन्य महिला को पदस्थ करने की धमकी दी और इसके एवज में 25,000 रुपये की अवैध मांग की। काफी मिन्नतों के बाद यह सौदा 20,000 रुपये में तय हुआ।



नौकरी से निकालने की धमकी देकर मानदेय में से अवैध वसूली करने में धराए आरोपी।

#### मुख्य बिन्दु

आरोपी: सहायक विकासखंड प्रबंधक धर्मेन्द्र गुप्ता (मुख्य), क्लस्टर फेडरेशन मैनेजर कामिनी राजपूत और चपरासी कृष्णा धुर्वे।

शिकायतकर्ता: सुनैया बरकडे (पशु सखी)

#### ऐसे बिछाया गया लोकायुक्त का जाल

लगातार मिल रही धमकियों और दबाव से परेशान होकर सुनैया बरकड़े ने लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार राठौड़ से इसकी लिखित शिकायत की। शिकायत के सत्यापन के बाद, शुक्रवार (10 अप्रैल) को लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही आवेदिका तयशुदा रिश्वत की रकम लेकर आजीविका मिशन कार्यालय पहुंचीं, मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र गुप्ता ने वह राशि क्लस्टर फेडरेशन मैनेजर कामिनी राजपूत और चपरासी कृष्णा धुर्वे के जरिए प्राप्त की। इसी दौरान पहले से मुस्तैद लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर तीनों को रंगे हाथों दबोच लिया।

#### इन धाराओं में दर्ज हुआ मामला

इस पूरी कार्रवाई को पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख और डीआईजी मनोज सिंह के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। मौके पर ट्रैप दल में डीएसपी अजय मिश्रा, निरीक्षक रजनी तिवारी, घनश्याम मर्सकोले और प्रधान आरक्षक रामदास कुर्मी शामिल रहे। पकड़े गए सभी तीनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधित 2018) की धारा-7 और 12 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल लोकायुक्त टीम द्वारा कार्यालय में दस्तावेजों की जब्ती और आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

## आबकारी विभाग के मालखाने से ही उड़ गई जब्त शराब

### महकमे में मची भारी खलबली




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब सरकारी दफ्तर भी उनके लिए 'सॉफ्ट टारगेट' बन गए हैं। शहर के आबकारी वृत्त कार्यालय में एक बेहद सनसनीखेज और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिस विभाग का काम अवैध शराब माफियाओं पर नकेल कसना है, उसी के सबसे 'सुरक्षित' माने जाने वाले मालखाने से चोरों ने बड़ी मात्रा में जब्त शराब पार कर दी है। इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था के दावों की पोल खोल कर रख दी है। चोरों ने सिर्फ देसी शराब पर ही नहीं, बल्कि ब्रांडेड और महंगी शराब पर भी जमकर हाथ साफ किया है। चोरी हुए माल की यह लंबी-चौड़ी लिस्ट चौंकाने वाली है।

#### कब हुआ पूरा खेल?

आबकारी उपनिरीक्षक हेमंत चौकसे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, यह रहस्यमयी चोरी 30 मार्च 2026 की रात से लेकर 9 अप्रैल 2026 के बीच की गई है। इतने लंबे समय तक सरकारी मालखाने से माल गायब होता रहा और विभाग के जिम्मेदारों को भनक तक नहीं लगी, जो अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

#### सरकारी 'लॉकर' से उड़ा ले गए चोर?

- बीयर और महंगी बोतलें: 24 केन बीयर और 5 बोतल ऑफिसर चॉइस व्हिस्की।
- प्रीमियम ब्रांड (पाव): 7 पाव रॉयल स्टैग और 5 पाव रॉयल चैलेंज।
- देसी मदिरा: कुल 175 पाव देसी शराब (60 पाव प्लेन, 15 पाव अन्य और 100 पाव देसी मदिरा)।
- अन्य ब्रांड्स (पाव): 40 पाव बैगपाइपर, 31 पाव अन्य व्हिस्की, 27 पाव स्लोवेनिया और 16 पाव वीपी व्हिस्की।

#### क्या 'बाड़ ही खेत को खा रही है'?

यह कोई आम चोरी नहीं है। आबकारी विभाग के मालखाने में वह शराब रखी जाती है जिसे अलग-अलग छापों में जब्त कर न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखा जाता है। इस घटना ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### मालखाने तक चोरों की पहुंच कैसे हुई?

क्या इस पूरी वारदात में किसी विभागीय 'भेदिए' की मिलीभगत है? इतने संवेदनशील इलाके में सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई? फिलहाल पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि क्या यह किसी शातिर गैंग का काम है, या फिर इस चोरी के पीछे कोई और ही 'खेल' चल रहा है। इस घटना के बाद से पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मचा हुआ है।

## तबादला: अब सोमेश मिश्रा होंगे नर्मदापुरम जिले के नये कलेक्टर

### सोनिया मीणा बनी अपर सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राज्य शासन ने गुरुवार देर रात प्रशासनिक सर्जरी की है। जारी सूची में नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीणा का तबादला हो गया है। वे मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग में अपर सचिव बनायी गयी हैं। उनके स्थान पर मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा को नर्मदापुरम की कमान सौंपी गयी है।

इसी के साथ ही नर्मदापुरम संभाग आयुक्त केजी तिवारी को भी आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण बनाया गया है। आयुक्त सह संचालक नगर तथा ग्राम निवेश भोपाल श्रीकांत बनोठ अब नर्मदापुरम संभाग के नये कमिश्नर होंगे।

## पुत्र के दुराचार में शामिल आरोपी दंपती को पुलिस ने जबलपुर के सरस्वती घाट इलाके से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में लंबित गंभीर अपराधों और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। पुलिस ने वर्ष 2022 से फरार चल रहे दो आरोपी दंपती, अशोक मेहरा और सरोज मेहरा को जबलपुर के सरस्वती घाट से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने अपने आरोपी पुत्र द्वारा नाबालिग से किए गए दुराचार में सहयोग किया था। वारदात के बाद से ही दोनों फरार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में थाना कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 363, 366, 376, 376(2)(एन), 34 भादवि और 4/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से ही दोनों आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। आरोपियों की गंभीरता और लंबे समय से फरारी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा इनकी गिरफ्तारी पर ईनाम की उद्घोषणा भी की गई थी।

#### ऐसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी जितेंद्र पाठक के कुशल निर्देशन में कोतवाली पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई थी। गुरुवार, 9 अप्रैल को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि दोनों आरोपी जबलपुर के सरस्वती घाट इलाके में छिपे हुए हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर अशोक मेहरा और सरोज मेहरा को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस महत्वपूर्ण सफलता में थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह, आदि की भूमिका रही।

### श्रमिकों को मिला बकाया भुगतान

**नर्मदापुरम।** श्रम विभाग में प्राप्त शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन सीएम राईस स्कूल, माखननगर में कार्यरत श्रमिकों को उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक तुलसीराम जाबेकर निवासी अमरावती, मनीष कुमारे एवं अनुज सिकंदर द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि उन्होंने निर्माणाधीन सीएम राईस स्कूल माखननगर में विगत 4 माह तक कार्य किया, किन्तु ठेकेदार गिरी द्वारा उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया।

### मुंबई में आलसी कवि करेंगे कवितापाठ



**इटारसी।** स्वर्गीय डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की पावन स्मृति में आयोजित देश का प्रतिष्ठित हास्य काव्योत्सव मुम्बई में इटारसी शहर के चिरपरिचित अन्तर्राष्ट्रीय हास्य कवि राजेन्द्र मालवीय आलसी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि मीरा-भाईंदर नागरिक संस्था द्वारा आयोजित 37वां वार्षिकोत्सव में देश के प्रमुख हास्य व्यंग कवि एवं स्टैंडअप कॉमेडियन शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में अपने हास्य-व्यंग्य से देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी धूम मचाने वाले आलसी को भी आमंत्रित किया गया है।

## कलेक्टर सोनिया मीना ने सांची पार्लर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सांची पार्लर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्लर में उपलब्ध विभिन्न उत्पादों एवं सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उद्घाटन के दौरान कलेक्टर ने पार्लर संचालक श्री अरविंद को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठान के शुरू होने से कलेक्ट्रेट में कार्यरत सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित अन्य नागरिकों को सुविधा मिलेगी। अब उन्हें सांची के उत्पाद आसानी से कार्यालय परिसर में ही उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर ने



पार्लर से प्रथम खरीदी भी की और वहां कार्यरत कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पार्लर सभी के लिए उपयोगी साबित होगा तथा गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

## पॉलीटेक्निक कालेज इटारसी में रोजगार मेले का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के संरक्षण में 'कुबेर' अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इटारसी में युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं रोजगार मेला प्रभारी डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर की सतत मॉनिटरिंग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत विभागाध्यक्ष विकास सिद्धू द्वारा किया गया। मेले में कुल 394 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मेले में 243 को रोजगार एवं स्वरोजगार से लाभान्वित किया गया। जिनमें 237 छात्र-छात्राओं का प्राथमिक चयन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की 30 कंपनियों की सहभागिता रही।

## इटारसी में प्रदेश का पहला 'स्मार्ट फिश पार्लर' शुरू 15 लाख की लागत से संवरेगा मछुआरों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मत्स्य पालन क्षेत्र को आधुनिक बनाने की दिशा में इटारसी ने प्रदेश में पहली बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत निर्मित प्रदेश के पहले 'स्मार्ट फिश पार्लर' का बैल बाजार क्षेत्र में भव्य उद्घाटन किया गया। लगभग 15 लाख की लागत से तैयार यह पार्लर मछली विक्रेताओं को न केवल एक गरिमामय व्यापारिक मंच प्रदान करेगा, बल्कि ग्राहकों को भी स्वच्छ एवं ताज़ा उत्पाद उपलब्ध कराएगा।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने मछुआरों को 'किसान' का दर्जा देकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक पार्लर 75 वर्षों की उपेक्षा को समाप्त कर मछुआरों के जीवन में 'नीली क्रांति' लाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने निर्माण की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि माया रैकवार, संजय परते और अनिल पठौरिया जैसे हितग्राहियों को अब आधुनिक उपकरणों के साथ स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। इस स्मार्ट पार्लर में आधुनिक डीप फ्रीजर और डिस्प्ले फ्रिज की सुविधा है, जिससे मछलियों की शेल्फ लाइफ बढ़ेगी।

## आदर्श चौरसिया महिला मंच द्वारा सामूहिक सुहागले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बैसाख माह के पावन अवसर पर आदर्श चौरसिया महिला मंच, इटारसी द्वारा समाज की महिलाओं के लिए एक भव्य एवं पारंपरिक सामूहिक सुहागले कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय ईश्वर सभागृह मे लाल रंग के ड्रेस के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत किया। कार्यक्रम मे आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली की राष्ट्रीय प्रभारी (महिला प्रकोष्ठ) डा. इंदु प्रदीप चौरसिया उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों ,कथा पूजन के साथ सुहागले की रस्में निभाईं। पूरे वातावरण में भक्ति, उल्लास और अपनत्व का भाव देखने को मिला। महिलाओं ने गीत-संगीत और पारंपरिक वेशभूषा के साथ कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

### धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव

## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव 14 से 20 अप्रैल तक विधायक को दिया आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं विप्र समाज के आराध्य भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव को इस वर्ष भी नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले इस सप्ताह भर के आयोजन में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी। गुरुवार को जिला सर्व ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र ओझा, परशुराम सेना जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, गोपाल शर्मा, आलोक दीक्षित एवं दीपक तिवारी ने विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा को आमंत्रण पत्र सौंपकर



समारोह में शामिल होने का आग्रह किया।

#### 14 से 20 अप्रैल तक विविध कार्यक्रम

जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे सप्ताह विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रमों की शुरुआत 14 अप्रैल मंगलवार को श्री परशुराम भवन में कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता तथा प्रतियोगिता के साथ होगी। 15 अप्रैल बुधवार को महिला मंडल एवं युवती दल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांस, फैंसी ड्रेस एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। 16 अप्रैल गुरुवार को एकल एवं समूह नृत्य तथा थीम आधारित सांस्कृतिक आयोजित किया जाएगा।

17 अप्रैल शुक्रवार को चतुर्थ दिवस पर सायं 4 बजे से खेडापति माता मंदिर से विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। श्री परशुराम भवन में आनंद मेला आयोजित होगा।

18 अप्रैल शनिवार को पंचम दिवस पर मुख्य आकर्षण के रूप में सायं 4 बजे श्री परशुराम भवन से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं फ्रेंड्स स्कूल परिसर में श्रेष्ठीजन सम्मान, विप्र मिलन समारोह, पुरस्कार वितरण एवं भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।

19 अप्रैल रविवार को नेहरूगंज स्थित श्री परशुराम मंदिर में अक्षय तृतीया पूजन किया जाएगा, 20 अप्रैल सोमवार को प्रातः 10 बजे श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया जाएगा।

## संसदीय समिति की बैठक में सांसद ने साझा किए विचार




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत सरकार की महिला सशक्तीकरण संबंधी संसदीय समिति के अध्ययन दौरे के तहत देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सक्रिय रूप से भाग लिया और महिलाओं के अधिकारों एवं उनकी आत्मनिर्भरता को लेकर मुखरता से अपनी बात रखी। बैठक के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न संस्थानों सहित बैंकिंग क्षेत्र से बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस सत्र में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा की।

**खबर संक्षेप**

## सौरभ संजय सोनवाने बैतूल के नए कलेक्टर



**बैतूल।** जिले में दो साल से पदस्थ कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी का रीवा तबादला कर दिया है। गुरुवार देर रात जारी प्रशासनिक अधिकारियों की तबादला सूची में सूर्यवंशी को रीवा कलेक्टर बनाया गया है। उनके स्थान पर रीवा के निगम आयुक्त रहे सौरभ संजय सोनवाने को बैतूल कलेक्टर नियुक्त किया गया है। 2017 बैच के आईएएस अधिकारी सोनवाने ने तीसरे प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर 2017 बैच के आईएएस अधिकारी बने। वहीं, निवर्तमान कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी का कार्यकाल भी उल्लेखनीय रहा। 2012 बैच के आईएएस अधिकारी सूर्यवंशी जनवरी 2024 से अप्रैल 2026 तक बैतूल कलेक्टर रहे और वर्तमान में रीवा कलेक्टर के रूप में पदस्थ हैं। वे रतलाम कलेक्टर भी रह चुके हैं और एक सख्त व सक्रिय अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं। बैतूल में उनके कार्यकाल के दौरान आदि कर्मयोगी अभियान और जल संचय-जन भागीदारीञ्जजैसे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। वहीं राज्य स्तर पर टीबी उन्मूलन, निर्वाचन कार्यों और प्रशासनिक डिजिटाइजेशन में बेहतर कार्य के लिए जिले को सम्मान और सराहना प्राप्त हुई। साथ ही, वे भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और देर रात निरीक्षण जैसी सक्रिय कार्यशैली के लिए भी चर्चा में रहे।

### जिले को मिला है 15 हजार बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य

# 40 दिन में 11876 बालिकाओं का हो चुका है एचपीवी टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। यह अभियान 28 फरवरी से शुरू हुआ था। अभियान के 40 दिन पूरे हो चुके हैं। इस दौरान बैतूल जिले में करीब 11,876 से अधिक किशोरियों (बालिकाओं) का टीकाकरण हो चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 80 फीसदी है। वैसे जिले को 15 हजार टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। बताया जा रहा है कि जिले को 15 हजार वैक्सीन डोज मिले थे। जिसमें से 11876 डोज लगाये जा चुके है, शेष डोज का स्टॉक रखा हुआ है, इस बचे हुए डोज से लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक अभियान में आंगनवाड़ी, शिक्षा विभाग और फील्ड स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही है। चिकित्सकों का कहना है कि सर्वाइकल कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन 30 साल के बाद इसके होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। किशोर अवस्था में ही एचपीवी वैक्सीन लगवा लेने से जोखिम काफी कम हो जाता है। यह टीका प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी बनाने के लिए प्रेरित करता है। जो वायरस से लड़कर संक्रमण को फैलने से रोकते है।

### घोड़ाडोंगरी ब्लाक में सबसे अधिक टीकाकरण

एचपीवी टीकाकरण को लेकर सबसे बेहतर स्थिति घोडाडोंगरी ब्लाक की है। यहां टीकाकरण के लिए 138 सत्र आयोजित किये गये। जिसमें 1699 बालिकाओं का टीकाकरण हुआ। वहीं दूसरी तरफ बैतूल बाजार क्षेत्र में सबसे कम टीकाकरण हुआ है। यहां 56 सत्र आयोजित किये गये थे, जिसमें मात्र 477 बालिकाओं का टीकाकरण हुआ। दूसरे नंबर पर आमला ब्लाक है। यहां टीकाकरण के 87 सत्र आयोजित किये गये। जिसमें 1487 बालिकाओं को टीके लगाये गये है। जिला टीकाकरण अधिकारी प्रांजल उपाध्याय ने बताया कि टीकाकरण को लेकर बैतूल जिला प्रदेश में 11-12वें स्थान पर है।


फाइल फोटो

**इनका कहना है**

जिले में अभी तक 80 फीसदी तक वैक्सीनेशन हो चुका है। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए पूरी तरह से कारगर है। इस वैक्सीन से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं है।

- प्रांजल उपाध्याय
जिला टीकाकरण अधिकारी, बैतूल

### जिले में एचपीवी टीकाकरण की ब्लाकवार स्थिति

| ब्लाक | आयोजित सत्र | टीकाकरण |
|---|---|---|
| आमला | 87 | 1487 |
| आठनेर | 211 | 864 |
| बैतूल | 119 | 1397 |
| बै.बा. | 56 | 477 |
| भैंसदेही | 36 | 1154 |
| भीमपुर | 65 | 1278 |
| चिचोली | 32 | 932 |
| घोड़ाडोंगरी | 138 | 1699 |
| मुलताई | 42 | 1000 |
| प्रभातपट्टन | 69 | 868 |
| शाहपुर | 59 | 720 |
| टोटल | 914 | 11876 |

### 800 के आसपास डोज स्टॉक में उपलब्ध

जिले को एचपीवी टीकाकरण के लिए 15 हजार डोज मिले थे। जिसमें से जिले के सभी ब्लाक को टीकाकरण के लिए डोज भेज दिये गये है। अभी 800 के आसपास डोज बफर स्टॉक के लिए रखा गया है। जिस ब्लाक में डोज खत्म हो जायेगे, उन्हें स्टॉक में रखा हुआ डोज उपलब्ध कराया जायेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी प्रांजल उपाध्याय ने बताय कि एचपीवी टीकाकरण के लिए लगातार सत्र आयोजित किये जा रहे है। जो डोज शेष बचे है, यह डोज आने वाले समय में बालिकाओं को लगाये जायेगे। उम्मीद है कि जिला जल्द ही 15 हजार के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

### अफवाहों के बावजूद 80 फीसदी टीकाकरण बड़ी उपलब्धि

केंद्र सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करने निःशुल्क लगाए जा रहे एचपीवी वैक्सीन को लेकर अफवाहों के बीच आदिवासी बहुल बैतूल जिले में 80 फीसदी वैक्सीनेशन पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा करवाए गए कई मेटाएनालिसिस और स्टडी में यह सामने आया है कि एचपीवी वैक्सीन लगवाने के बाद सर्वाइकल कैंसर से 85 से 90 फीसदी तक बचाव होता है। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद दूसरा सर्वाधिक कैंसर सर्वाइकल कैंसर होता है। सर्वाइकल कैंसर से बचने 14 से 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को यदि एचपीवी वैक्सीन लग जाए तो वैक्सीन लगवाने वाली बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना 85 से 90 फीसदी तक कम हो जाती है।

### जिम्मेदार अधिकारी बने अनजान

# शराब दुकानों पर मनमानी मांगने पर भी नहीं देते बिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष का आगाज हुआ, तो सुरा प्रेमियों को उम्मीद थी कि नई व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। लेकिन बोडखी क्षेत्र की कंपोजिट (अंग्रेजी-देशी) शराब दुकानों पर नजारा कुछ और ही है। यहाँ नियमों की खुलेआम धज्जियां उडाई जा रही हैं। ठेकेदार की मनमानी का आलम यह है कि वाजिब सवाल पूछने पर भी ग्राहकों को अपमानित किया जा रहा है। शासन के कडे निर्देशों के बावजूद न तो बोतलों पर दर्ज एमआरपी का पालन हो रहा है और न ही दुकानों पर रेट लिस्ट नजर आ रही है। सुराप्रेमियों का आरोप है कि बिल मांगने पर बदतमीजी, ठेकेदार के गुर्गों का रौब बोड़ख़ी की शराब दुकान पर चल रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक उपभोक्ता ने बताया कि हमने जब शराब खरीदी और उसका बिल मांगा, तो ठेकेदार के मैनेजर ने हडकाया। नियमों के मुताबिक, दुकान के बाहर बड़े अक्षरों में रेट लिस्ट चस्पा होना अनिवार्य है, ताकि ग्राहक को पता चल सके कि वह सही कीमत चुका रहा है या नहीं। लेकिन बोड़ख़ी की दुकानों से रेट लिस्ट नदारद है। इसका सीधा फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं और हर ब्रांड पर मनमाने दाम वसूल रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि शासन ने हर दुकान पर पीओएस मशीन अनिवार्य की है, ताकि ई-इनवॉयस जेनरेट हो सके। इसके बावजूद ग्राहकों को बिना बिल के शराब थमाई जा रही है। यह न केवल ग्राहकों के साथ ठगी है, बल्कि राजस्व की भी बड़ी चोरी है। सरकारी गाइडलाइन स्पष्ट है कि यदि पीओएस मशीन से बिल नहीं दिया जाता, तो पहली बार में 25 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। बार-बार उल्लंघन पर दुकान का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। इसके बावजूद बौड़ख़ी के ठेकेदारों में प्रशासन का कोई खौफ नजर नहीं आता।

**दबिश देंगे**

बोड़ख़ी में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाएगा। जहां-जहां अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, आज से उन ठिकानों पर दबिश दी जाएगी।

**नितिन उइके,**
चौकी प्रभारी, बोडखी।

कंपोजिट शराब दुकान पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है, साथ ही बिल देना भी जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया जा रहा है, तो जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हरिदास पाटिल,** प्रधान आरक्षक,
आबकारी विभाग, आमला।

# धर्म की स्थापना और अधर्म का विनाश ही जीवन का उद्देश्यः सुधांशु महाराज

### सुधांशु महाराज ने सत्संग महोत्सव का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुलिस ग्राउंड में चार दिवसीय विराट भक्ति सत्संग महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। विश्व जागृति मिशन के परमाध्यक्ष सुधांशुजी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें राज्य अतिथि के रूप में सम्मानपूर्वक स्वागत दिया गया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा और हजारों श्रद्धालु सत्संग में शामिल हुए।

शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उईके तथा आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे भी मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सत्संग श्रवण करते हुए पूज्य महाराजश्री का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अशोक हिरानी द्वारा व्यास पूजन संपन्न हुआ, जबकि आयोजन समिति के प्रधान डॉ. विनय चौहान सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अपने प्रवचन में सुधांशु महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता जीवन को दिशा देने वाली संजीवनी है। गीता जीवन को पावन बनाती है और आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश को जीवन का मूल उद्देश्य बताते हुए सनातन पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मृत्यु केवल एक अवस्था है, भय का विषय नहीं और मनुष्य को अपने जीवन में गीता के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। महाराजश्री ने श्रद्धालुओं को भाव और भक्ति के माध्यम से परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग बताते कहा कि सच्चे मन से प्रेम और समर्पण ही ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल माध्यम है।



### रविवार को होगा मंत्र दीक्षा संस्कार पंजीयन अनिवार्य

डॉ. चौहान ने जानकारी दी कि रविवार को प्रातःकालीन सत्र के बाद दोपहर में मंत्र दीक्षा संस्कार आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य रहेगा। यह आयोजन जिले में लंबे समय बाद आयोजित हो रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### आंदोलन को लेकर एरोलू ने भरी हुंकार

# प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के आगमन पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



मध्यप्रदेश की सियासत में युवा ऊर्जा का उभार उस समय स्पष्ट रूप से दिखाई दियाा, जब मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के बैतूल आगमन पर प्रदेश महासचिव योगेश सन्नी एरोलू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य और जोशपूर्ण स्वागत किया। शहर के होटल संभावित में आयोजित इस स्वागत समारोह में युवा कांग्रेस का उत्साह चरम पर था। कार्यक्रम के दौरान एरोलू ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 13 अप्रैल को जबलपुर में प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की विशेष उपस्थिति रहेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील देश के किसानों के हितों के खिलाफ है और यदि इसे लागू किया गया,तो भारतीय कृषि व्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। श्री एरोलू ने तीखे शब्दों में कहा कि यह समझौता भारत को अमेरिकी उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बना देगा, जिससे हमारे किसान आर्थिक रूप से बर्बाद हो सकते हैं। युवा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सडक़ से सदन तक संघर्ष करेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने भी कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में जबलपुर पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

### विद्यालय की छात्राओं को लगाई एचपीवी वैक्सीन

# समय पर टीकाकरण ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी उपायः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सारणी एवं शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सारणी में शुक्रवार को निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों के अंतर्गत संचालित है, जिसका उद्देश्य 14 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के संभावित लक्षण, इसके खतरे एवं एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तृत एवं सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण ही इस गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। विधायक डॉ. पंडाग्रे ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक संजीवनी सिद्ध होगा और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपनी 14 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को इस निःशुल्क टीकाकरण अभियान का लाभ दिलाकर उन्हें एक सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करें। कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष किशोर बरदें, राजेश आहूजा, गोलू राजपूत, सुभाष चंद्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मंडी प्रांगण में शुरू हुई समर्थन मूल्य में गेहूं-चना खरीदी, जनप्रतिनिधियों ने कांटे का पूजन कर किया शुभारंभ

**भैंसदेही।** नगर की पूर्णा विपणन सहकारी समिति मर्यादित भैंसदेही द्वारा 10 अप्रैल को नगर के समीप स्थित भैंसदेही चिचोली मंडी प्रांगण में समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया गया। नगर के जनप्रतिनिधियों के हस्ते तौल कांटे का पूजन अर्चन तथा रिबन काटकर खरीदी की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ठाकुर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पाल, जनपद सदस्य ऋषभदास सावरकर, शैलेन्द्र तिवारी, संतोष धोटे, रामभाऊ डढोरे, दिनेश मालवीय, प्रशासक सीएल डोंगरे, मंडी सचिव रामनाथ इवने, निरीक्षक श्रीराम धोटे, अशोक झाड़े, डॉ. अरूण डढोरे, संजय येवले, चंदू नरवरे, अलकेश चौहान, पत्रकार कमलेश कावडक़र ने कांटे का पूजन किया। पूर्व नपाध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसमें समर्थन मूल्य पर खरिदी की व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत, सरकार किसानों से उनकी फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदती है, जिससे उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। कार्यक्रम में पूर्णा विपणन समिति के प्रबंधक राजा जैन, सचिन राठौर, शैलेन्द्र राठौर, मो. शब्बीर खान, रामकिशन चौरे, संतोष राठौर, आकाश जैन, गुलाब चढ़ोकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे प्रबंधक राजा जैन द्वारा पंजीयनकर्ता किसानो से अपील की है कि स्लाट बुक कर अपनी उपज उर्पाजन केन्द्र पर ही देवे और समर्थन मुल्य प्राप्त करे।




## नागपुर स्टेशन के प्लेटफार्म का अपग्रेडेशन के चलते आमला स्टेशन पर ट्रेनों का हाल्ट

**बैतूल।** नागपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 के अपग्रेडेशन के कारण ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेने अपने पूर्व निर्धारित मार्ग बैतूल, नागपुर एवं वर्धा से ना चलकर बैतूल, आमला, नरखेड, चांदूर बाजार एवं बडनेरा, सेवाग्राम होते हुए अपने गंतव्य को जाएगी। इस कारण नागपुर स्टेशन पर जाने के लिए यह गाड़ी उपलब्ध नहीं रहेगी। पूर्व मुख्य यातायात निरीक्षक अशोक कटारे ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों को अस्थाई तौर पर आमला हॉल्ट दिया गया है। आमला स्टेशन पर ट्रेन क्रमांक 07075 हैदराबाद -गोरखपुर जो आमला में शनिवार सुबह 08/48 पर आयेगी एवं 08/49पर प्रस्थान करेगी, यह ट्रेन 10 अप्रैल 2026 से 29 मई 2026 तक अपने परिवर्तित मार्ग से जाएगी। ट्रेन क्रमांक 07076 गोरखपुर -हैदराबाद यह ट्रेन आमला स्टेशन पर प्रति सोमवार को सुबह 03:39 पर आएगी एवं 03:40 पर प्रस्थान करेगी , यह ट्रेन 12 अप्रैल 2026 से 24 मई 2026 तक अपने परिवर्तित मार्ग से जाएगी। ट्रेन क्रमांक 05073 बेंगलुरु- लाल कुआं एक्सप्रेस जो आमला में प्रति बुधवार सुबह 09.10 पर आयेगी और 09:11 पर प्रस्थान करेगी, यह ट्रेन 7 अप्रैल 2026 से 26 मई 2026 तक अपने परिवर्तित मार्ग से जाएगी। ट्रेन क्रमांक 05074 लालकुआं-बेंगलुरु एक्सप्रेस जो आमला में प्रति रविवार 11.38 पर आयेगी एवं 11.39 प्रस्थान करेगी, यह ट्रेन 11 अप्रैल 2026 से 23 मई 2026 तक अपने प्रॉपर मार्ग से ना जाकर परिवर्तित मार्ग नरखेड, चांदूर बाजार ,बडनेरा होकर जाएगी। ट्रेन क्रमांक 06509 बैंगलोर- दानापुर यह ट्रेन प्रति गुरुवार आमला स्टेशन पर 10.56 पर आएगी।

## बैतूल में वाहन चोर गिरोह का खुलासा 10 बाइक जब्त

**बैतूल।** बैतूल पुलिस ने वाहन चोरी के एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो मुख्य आरोपियों और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 5 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शेख फैजान निवासी आर्य वार्ड, कंपनी गार्डन और तिलक उर्फ सोम शर्मा के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने एक अपचारी बालक के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग इलाकों से वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की है। जांच में सामने आया है कि आरोपी तरंग वाटिका, मस्की चौक, प्रताप वार्ड, अग्निहोत्री कॉलोनी, बच्चा जेल चौक, महावीर वार्ड, टिकारी और खंजनपुर रोड सहित कई क्षेत्रों से मोटरसाइकिल और स्कूटी चुराते थे।

# मुलताई में आवारा कुत्तों का आतंक 36 घंटों में 37 लोग हुए घायल

### लाल रंग का लंगड़ा कुत्ता बना दहशत का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

शहर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक चरम पर है। पिछले 36 घंटों के भीतर डॉग बाइट की घटनाओं में अचानक वृद्धि ने आमजन में भय का माहौल पैदा कर दिया है। विशेष रूप से एक लाल रंग का लंगड़ा कुत्ता लोगों के लिए खतरा बनकर सामने आया है, जिसके कारण कई वार्डों में दहशत का माहौल है। सरकारी अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते दिन कुल 19 लोग कुत्तों के हमले का शिकार हुए, जबकि आज भी 18 नए मामले सामने आए हैं। इस प्रकार महज 36 घंटों में कुल 37 लोग घायल हो चुके हैं। लगातार बढ़ते मामलों के चलते अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या में भी भारी इजाफा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ितों के अनुसार, एक लाल रंग का लंगड़ा कुत्ता अत्यधिक आक्रामक हो गया है और राह चलते लोगों पर हमला कर रहा है। इंदिरा गांधी वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों में इस कुत्ते की वजह से लोगों में भय का माहौल है। कई परिवारों ने एहतियातन बच्चों को घरों से बाहर निकलने से रोक दिया है।



### नगर पालिका की कार्रवाई पर उठे सवाल

लगातार बढ़ती घटनाओं के बावजूद नगर पालिका की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने पर नागरिकों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के लिए आवश्यक है कि आवारा कुत्तों को पकडऩे और नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। वहीं, नागरिकों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

### निजी स्कूलों की मनमानी पर लगे रोक, सौंपा ज्ञापन

# एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य करें निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, शाखा मुलताई द्वारा निजी विद्यालयों में मनमाने ढंग से पाठ्यक्रम लागू किए जाने और आरटीई के तहत अध्ययनरत बच्चों की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा गया।ज्ञापन में मांग की गई है कि कक्षा 1 से 8 तक शासन द्वारा अधिकृत एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। साथ ही, आरटीई के अंतर्गत निःशुल्क प्रवेश प्राप्त करने वाले बच्चों को आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ग्राहक पंचायत के ललित महतर, कृष्ण धोटे एवं अशोक पवार के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि बैतूल जिले के कई निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अलग-अलग पाठ्यक्रमों से पढ़ाई कराई जा रही है। स्कूल संचालक अपने विवेक से पाठ्यक्रम का चयन कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कई निजी स्कूल कमीशन के उद्देश्य से विशेष निजी प्रकाशनों की पुस्तकें निर्धारित दुकानों पर ही उपलब्ध कराते हैं, जिससे अभिभावकों को मजबूरी में महंगी पुस्तकें खरीदनी पड़ती हैं। ग्राहक पंचायत ने मांग की है कि शासन के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू किया जाए। साथ ही, पुस्तक खरीद के लिए कम से कम दो दुकानों की जानकारी अभिभावकों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें सुविधा मिल सके। इसके अलावा, दुकानदारों द्वारा पुस्तकों और कॉपियों का बिल देना अनिवार्य किया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और अभिभावकों का शोषण न हो।



### आरटीई बच्चों को मिले पूरी सुविधा

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क पुस्तकें, कॉपियां और स्कूल बैग उपलब्ध कराए जाएं। शासन की मंशा इन बच्चों को मुख्यधारा में लाने की है, इसलिए किसी भी प्रकार का आर्थिक शोषण नहीं होना चाहिए। ग्राहक पंचायत ने यह भी मांग की है कि नगरीय सीमा से बाहर स्थित निजी स्कूलों में पढऩे वाले आरटीई छात्रों को स्कूल द्वारा निःशुल्क बस सुविधा प्रदान की जाए, ताकि आवागमन में परेशानी न हो और अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार न पड़े।

## खबर संक्षेप

### राकसं में संभागीय उपाध्यक्ष बने रघुवंशी



**सोहागपुर।** राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष भुवनेश्वर दुबे द्वारा गत दिवस कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। दुबे ने अरुण रघुवंशी शिक्षक विकासखंड सोहागपुर को नर्मदापुरम संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष राजेश पांडे, भुवनेश्वर दुबे, महेश तिवारी, अंजू नारोलिया, शैलेन्द्र सिंह तोमर, राकेश रघुवंशी, तरवर सिंह पटेल, राजेश दीक्षित, मैथिलीशरण पटेल, भरत साहू, अनिरूद्ध शाह, हकीम सिंह पटेल सहित शुभचिंतकों ने अरुण रघुवंशी को बधाई प्रेषित की है तथा अपेक्षा की है कि रघुवंशी के सहयोग से संगठन अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सफल होगा।

### भाजपा का गांव चलो अभियान जारी

**पिपरिया।** मध्य प्रदेश में लगातार तथा केंद्र सरकार राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं चलाई जा रही है। जिसकी जानकारी लेने के लिए भाजपा नेताओं को कड़ी दोपहर में गांव गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है। तथा लोगो से चर्चा भी की जा रही है। इसके अंतर्गत कार्यक्रमका शुभारंभ ग्राम पंचायत तरौनकला पंचायत क्षेत्र सहित मोहारीकला सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को लेकर सभी एक साथ पहुंचे।

### अमृत हरित महा अभियान अंतर्गत नप रोपेगी शहर में 10 हजार पौधे

# शहरी क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि तथा परिसरों में होगा सघन पौधरोपण

'अमृत हरित महा अभियान 2026' अंतर्गत सोहागपुर नगर परिषद द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। इस अभियान में सोहागपुर नप हजारों पौधों का रोपण शहरी क्षेत्र में करेगी। ताकि शहरी क्षेत्र में हरियाली आच्छादित हो। साथ ही भूमि के जल स्तर की वृद्धि में वृक्ष सहायक हों।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं नपकर्मी एचएल परते ने बताया कि शहरी क्षेत्र में हजारों पौधे उक्त अभियान के अंतर्गत रोपे जाएंगे। परते ने ने बताया कि सघन पौधरोपण के लिए स्थल चिन्हित किए जा चुके हैं। साथ ही स्थलों के आधार पर नगर परिषद के कर्मचारियों को दायित्व भी दिए गए हैं। ताकि नपकर्मी पौधारोपण कार्यक्रम को ना सिर्फ सफल बनाएं, अपितु पौधारोपण के बाद भी पौधों की सुरक्षा एवं वृद्धि को लेकर नगर परिषद के सभी दायित्ववान कर्मचारी अपने-अपने कर्तव्य का सतत पालन करते रहें। नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के पत्र क्रमांक/या.प्र./7/2025/अमृत हरित/3894 भोपाल दिनांक 12 मार्च 2026 के प्राप्त निर्देशानुसार सोहागपुर नगर क्षेत्र में अमृत हरित महाअभियान 2026 संचालित किया जाएगा। अभियान अंतर्गत सोहागपुर नप को 15,385 पौधों के रोपण व संरक्षण का लक्ष्य दिया गया है।



### इन स्थानों पर होगा पौधरोपण

नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नवीन ट्रैंचिंग ग्राउण्ड पर 200, रेवा बनखेड़ी रोड डिवाईडर पर 200, रामगंज शमशान घाट पर 100, जमनी शमशान घाट पर 100, स्टेशन रोड डिवाईडर पर 50, नवीन पार्क शोभापुर रोड पर 100, जयमल सिंह कालोनी पार्क में 50, बालक छात्राबास परिसर में 25, पलकमती नदी के किनारे 200, तिलक वार्ड गांधी शाला स्कूल परिसर में 30, इनद्रिरा वार्ड शमशान घाट पर 200, इनद्रिरा वार्ड पानी के टंकी के पास 25, रघुवंशीपुरा वार्ड के पार्क में 25, नर्मदा जल फिल्टर प्लांट परिसर में 50 तथा कोर्ट चौराहा पार्क में 25 पौधे रोपे जाएंगे।

### लगाई ड्यूटी

अभियान की सफलता के लिये बृजेश खानोरकर उपयंत्री को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं एचएल परते सहायक राजस्व निरीक्षक, श्यामल डे, बरखा ठाकुर, लक्ष्मी नारायण मालवीय, अनिल रघुवंशी, राधेश्याम रघुवंशी, प्रहलाद किरार, हरगोविन्द व्यास, सूर्यनारायण पठारिया, नरेन्द्र धुर्वे, प्रबुद्ध दुबे, आरके मौर्य, दीपक शर्मा, अनिल चौरसिया, अरविन्द राजपूत, रेखा मौर्य को दायित्व सौपा गया है। ये सभी पेड़ पौधे, टी-गार्ड व तार फेंसिंग सहित अन्य व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के अतिरिक्त निकाय के समस्त कर्मचारी भी पौधोरोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्य करेंगे। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही किये जाने पर संबंधित नपकर्मी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बताया जाता है कि अभियान दौरान पौधारोपण की जानकारी आनलाईन पोर्टल पर दर्ज करना होगा।

### एक माह पूर्व गड्ढे

सोहागपुर नगर परिषद सहायक राजस्व निरीक्षक एचएल परते ने बताया कि संचालनालय के निर्देशानुसार अभी से व्यापक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। तथा निर्धारित किया गया है कि मानसून के आगमन के एक माह पूर्व ही पौधारोपण के लिए चिन्हित स्थानों पर गड्ढे किये जाऐंगे। साथ ही गड्ढों में खाद तथा पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक सामग्री भी डाली जाएगी। ताकि जब शुरुआती मानसूनी बारिश हो तो खाद तथा पौधों की वृद्धि में सहायक आवश्यक सामग्री मिट्टी में अच्छे से घुल मिल सके। और जब सघन पौधारोपण हो तो पौधों की बढ़त तथा उनके संरक्षण के लिए मिट्टी से उचित पोषण प्राप्त हो सके।

### इनका कहना है

"संचालनालय के निर्देशानुसार सघन पौधरोपण की तैयारी शुरू कर दी गई है। हम सघन पौधारोपण को आदेश के औपचारिक पालन के रूप में ही नहीं लेंगे. बल्कि अभियान को मैदानी रूप से सफल बनाने का लक्ष्य पूर्ण करेंगे।"- **धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर।**

# कलेक्टर-एसपी ने किया दौरा अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 16 अप्रैल को नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सिवनी मालवा में आयोजित आमसभा के दौरान जनहितैषी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने पुलिस अधीक्षक के साथ प्रशासनिक अमले के अधिकारियों सहित सभा स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया और तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी प्रांगण के सभा कक्ष में बैठक लेकर कार्यक्रम की संभावित रूपरेखा के अनुसार तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी को भोपाल से आने वाली टीम को स्थानीय सहयोग एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम सिवनी मालवा को प्रोटोकॉल के अनुसार मंच व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच कर संबंधित विभागों से सुरक्षा प्रमाण पत्र लेने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मुख्य कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड पर पर्याप्त अग्निशमन यंत्र लगाने तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने और विद्युत विभाग से सुरक्षा प्रमाण पत्र लेने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने एसडीएम सिवनी मालवा को मुख्यमंत्री के आगमन एवं प्रस्थान के लिए रूट चार्ट तथा मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही यातायात पुलिस एवं आरटीओ के साथ समन्वय स्थापित कर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर मॉक ड्रिल के माध्यम से व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए।

# परशुराम सेना के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



सर्व ब्राह्मण समाज ने परशुराम भवन में बैठक का आयोजन किया जिसमें सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रेम किशोर गुरु, भोपाल संभाग प्रभारी राजेश पाठक, जिला अध्यक्ष हरदा नितिन जोशी, नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष प्रकाश दुबे ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किये और हर जगह परशुराम जन्मोत्सव गरिमा के साथ भव्यतापूर्ण मनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी ने किया। परशुराम सेना के नव नियुक्त पदाधिकारी संभाग प्रभारी दिनेश उपाध्याय एवं परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष कान्हा गुरु को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए पुष्पमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ विप्र जन रमेश तिवारी कृष्ण कुमार उपाध्याय मनमोहन व्यास सर्व ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष रमन शुक्ला सहित अनेक विप्र बंधु युवा मौजूद रहे।

### तहसील चौराहा शिवाजी महाराज चौराहा नाम होगा परिवर्तित



**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के इंदिरा गांधी बार्ड क्रमांक 2जहा से नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा से विजय हासिल कर चुकी है।अभी तक इस जगह को तहसील कार्यालय होने के कारण तहसील चौराहे के नाम से जाना जाता था। लेकिन पिछले दिनों वी वी गिरी वार्ड नंबर 4के पार्षद अभिषेक दुबे ने अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल एवं परिषद की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया था।की तहसील चौराहे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित किया जाना चाहिए। तथा इस चौराहे का नाम आगे शिवाजी महाराज चौराहा होना चाहिए।इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और आज 3 वर्ष पूर्ण होने पर मूर्ती की स्थापना की गई है।

# गेहूं खरीदी एसडीएम विजय राय ने किया तौल कांटे का पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

क्षेत्र के ग्राम डेठी स्थित श्रीनाथ वेयरहाउस में शुक्रवार को गेहूं खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजय राय ने तोल कांटे का पूजन कर गेहूं खरीदी कार्य की शुरुआत कराई। श्रीनाथ वेयरहाउस डेठी एवं खरीदी समिति सहकारी पगढाल द्वारा पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में खरीदी केंद्र शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे किसानों के लिए सुविधाजनक बताया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य संदीप तंवर, कृषक प्रकाश पटेल, पवन राजपूत, अर्जुन जाट सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही समिति के सहायक पवन कुमार, भूपेंद्र सिंह तंवर और आशीष यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# उपार्जन केंद्र पर किसानों का फूल माला से स्वागत किया, तौल कांटों का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



विकासखंड में गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। सेवा सहकारी समितियां ने अलग-अलग उपार्जन केंद्र पर गेहूं खरीदी शुरू कर दी है सांई कान्हा वेयरहाउस एवं राजपूत एग्रो इंफ्रा वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति सिरवाड़ ने गेहूं खरीदी के लिए जनप्रतिनिधियों से कांटों का तौल कांटों का पूजन कराया। साइन कान्हा वेयरहाउस के संचालक आशीष बंटी साहू एवं कुलदीप राजपूत ने अपनी उपज बेचने आए किसानों का पुष्पहार से सम्मान किया बंटी साहू ने बताया शुरुआत में तीन बारदाने की गठान रखी है इस अवसर पर वेयरहाउस प्रबंधक हेमंत चदेल अंशुल मालवीय समिति प्रबंधक बबलू एवं किसान मौजूद रहे।

### चना की खरीदी शुरू



माखन नगर कृषि उपज मंडी में चना की खरीदी शुरू हो गई है शुरुआत में जनप्रतिनिधियों ने तौल कांटों का पूजन किया एवं कृषको का पुष्प हार से स्वागत किया मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी मनोज पाराशर प्रवीण पांडे कायाकल्प डेरिया संजय अग्रवाल अभिनव पांडे रजनीकांत व्यास ने तौल कांटों का पूजन कर कृषकों को माला पहनाई सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक हरिओम चौहान ने बताया जल्दी तुलाई हो इसके लिए चार कांटे लगाए गए हैं वहीं पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध है किसानों के लिए मंडी परिसर के सेट में छांव की व्यवस्था है पीने का पानी उपलब्ध है।

# कागजों में दौड़ रहा विकास, कीचड़ में फंसा गांव, जमीनी हकीकत हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पचलाबरा के जनपद सदस्य शिवानी पटेल के पति मनीष पटेल के द्वारा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच करने के लिए जिला प्रशासन से आवास योजना प्रभारी,नल-जल योजना प्रभारी स्वच्छता अभियान प्रभारी वित्त शाखा प्रभारी सहित लगभग एक दर्जन लोगों की टीम जांच करने पहुंची थी।तो गांव में जाकर जागरूक लोगों के कथन लिए गए। शिकायत कर्ता के द्वारा नल-जल योजना में पानी की टंकी निर्माण कार्य सही नहीं किया गया। 2 नालीयों के निर्माण के लिए राशि जमा कराई गई थी।उस राशि का आहरण कर दिया गया। जिसमें से एक नाली जमीन पर लाने का काम ही नहीं किया गया है। कागजों में ही विकास कार्य करवाए गए हैं।एक नाली मुख्य मार्ग पर ही अधुरी पड़ी है।केस बुक लिखीं नहीं गई है। कहीं लिखी है तो फर्जी तरीके से बिल लगाए गए हैं। बगैर किसी भी कार्य को पूरा करने के पहले ही पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है। पंचायत भवन में किसी भी तरह का कोई रिकार्ड नहीं पाया गया है। पंचायत भवन के सामने ही कीचड़ में गांव बसा हुआ है। भंवनके सामने सरकारी नाली पर अतिक्रमण कर पुलिया निर्माण कार्य कर लिया गया है। सभी सचिव रोजगार सहायक ने पदस्थ रहते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। अतिक्रमण हटाया नहीं गया है। जांच अधिकारी नेहा पटेल तिवारी बाबू ने बताया कि लगभग जांच पूरी होने पर मुख्य रूप से जो बात सामने आई है। उसमें शिकायत सही पाई है।

पंचायत में कोई रिकार्ड नहीं पाया गया है। राशि का मिलान किया गया।तो केस बुक भी सही नहीं पाई गईं हैं। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना है। जिला सीईओ के समक्ष उसके बाद वह क्या कार्यवाही करेंगे कुछ नहीं कहा जा सकता। भैया पटेल सोहागपुर से अप-डाउन करते हैं रोजगार सहायक सचिव का प्रभारी बनाया गया है।उनका कहना है उन्हें कोई रिकार्ड नहीं दिया गया है।

# शुक्रवार को दी किसानों को स्लॉट बुकिंग, किसान पहुंचे तो वेयरहाउस पर पसरा था सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





मप्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हो गई है और इसके लिये में 21 केंद्र तय किये गए हैं। लेकिन शुक्रवार को स्लॉट बुकिंग के बाद भी केंद्रों पर पसरे सन्नाटे से किसानों में रोष है।

क्षेत्रीय किसान मानस पुरोहित ने हरिभूमि को नर्मदापुरम मार्ग स्थित एक वेयरहाउस का फोटो व वीडियो भेजा, जहां गेहूं खरीदी केंद्र संचालित होना तय है। पुरोहित ने बताया कि शुक्रवार 10 अप्रैल की कुछ किसानों की उक्त वेयरहाउस की स्लॉट बुकिंग थी। जो गेहूं लेकर वेयरहाउस पहुंचे, लेकिन वहां सन्नाटा पसरा था। ना तो वहां पर खरीदी संबंधी समिति का प्रतिनिधि उपस्थित था, ना ही मौके पर हम्माल या तौलकांटे या बारदाने थे। जिससे किसान रोष में है। सोहागपुर खाद्य विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ब्लॉक में 8,689 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिनकी स्लॉट बुकिंग बुधवार से शुरू की गई है।

### थाने में उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी

# ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोहागपुर थाना क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार ग्राम रक्षा समितियों एवं नगर रक्षा समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों की बैठक शुक्रवार को थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं ग्राम रक्षा समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

एएसआई गणेश राय ने बताया कि थाना प्रभारी राहुल रायकवार ने बैठक में दोनों ही स्तर की समितियों के सदस्यों को विविध जानकारियां दीं। थाना प्रभारी राहुल रायकावर ने जानकारी दी कि सभी समितियां अपने स्तर पर सहयोग व सुरक्षा को मजबूत कर पुलिस की मदद करें। जिससे अपराधों पर अंकुश आसान होगा। साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द्र, संपत्ति सुरक्षा एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। समितियों के सदस्यों का मुख्य कार्य सुरक्षा, गश्त, पुलिस की सहायता, अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन है। सभी सदस्यों से समय-समय पर थाना क्षेत्र में होने वाले त्यौहारों पर सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान समितियों के सदस्यों में उत्साह दिखा। बैठक में थाना प्रभारी राहुल रायकवार, उपनिरीक्षक एसएस अली, मुकेश सोनी, सहायक उप निरीक्षक गणेश राय, मकसूद खान, आरक्षक मनोहर दायमा सहित रक्षा समिति सदस्य रूप में लकी किशनानी, विपिन यादव, मोहित कुमार, इदरीस खान, विक्रम रघुवंशी, तरुण पठारिया, गजेंद्र सिंह, अक्षय चौरसिया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# युवराज की कीर्ति युवाओं के लिए प्रेरणा: मुख्यमंत्री यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

### युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत



शिक्षा के क्षेत्र में इटारसी के एक मेधावी छात्र ने वह कीर्तिमान स्थापित किया है जिसकी गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है। शहर के युवराज राठौर ने राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष प्रशस्ति पत्र जारी कर छात्र और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी है।

### सफलता का त्रिकोणीय कीर्तिमान

युवराज राठौर ने एक साथ तीन अत्यंत कठिन परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि युवराज की यह कीर्ति प्रदेश और देश के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा है। उन्होंने युवराज के उज्ज्वल एवं यशस्वी भविष्य की मंगलकामना की है। वर्धमान स्कूल के संचालक प्रशांत जैन एवं स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने इसे इटारसी के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण बताया है। विदित हो कि युवराज ने नेशनल स्कोलास्टिक वेनगार्ड परीक्षा-2026 में संपूर्ण मध्य प्रदेश में 5 वां स्थान (प्रदेश स्तर पर 5वीं रैंक) प्राप्त किया। आरआईसीएम परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 5 वां स्थान हासिल किया। आरएमएस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 18वां स्थान अर्जित किया।


## कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)

दूरभाष : (07574)-278264 E-mail - cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/596/राज.शा./2026 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // सोहागपुर, दिनांक :- 22/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम् म.प्र. के स्वामित्व की नवनिर्मित शांपिग काम्पलेक्स नवीन बस स्टैण्ड के पास सुभाषवार्ड में निर्मित दुकानों के भूतल एवं प्रथमतल रेबावनखेडी रोड एवं बस रटैण्ड की ओर की कुल 06 दुकानो एवं मेन बाजार की 01 दुकान का अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 तथा संशोधित नियम 4 मई 2021 एवं 28.03.2023 (निविदा दिनांक तक हुये समस्त संशोधन) के अंतर्गत आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, दुकानो से संबंधित विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | आमंत्रित निविदा सूचना संख्या | दुकान नम्बर एवं साईज | आरक्षण | प्रा. राशि राशि | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 498824_1 | द्वितीय | प्रथम तल रेबावनखेड़ी रोड की ओर से दुकान क्र-01 (9.2x12.3) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 2000.00 |
| 2 | 2026_UAD_ 498835_1 | द्वितीय | प्रथम तल बस स्टेण्ड की ओर से दुकान क्र-10 (10.3x10.6) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 2000.00 |
| 3 | 2026_UAD_ 498841_1 | द्वितीय | प्रथम तल बस स्टेण्ड की ओर से दुकान क्र-11 (10.3x10.7) | अनारक्षित | 6.00 लाख | 8000.00 | 2000.00 |
| 4 | 2026_UAD_ 498845_1 | द्वितीय | प्रथम तल बस स्टेण्ड की ओर से दुकान क्र-12 (9.1x10.7) | अनु. जाति | 6.00 लाख | 8000.00 | 2000.00 |
| 5 | 2026_UAD_ 498850_1 | चतुर्थ | मेन बाजार की यथास्थिति में 01 दुकान क्रमांक 13 क्षेत्रफल (25x4.10) नीलामी | अनारक्षित | 8.00 लाख | 10000.00 | 3000.00 |
| 6 | 2026_UAD_ 498858_1 | प्रथम | बस स्टैण्ड की ओर सीढी के नीचे छोटी दुकान साईड B | अनारक्षित | 2.00 लाख | 5000.00 | 2000.00 |
| 7 | 2026_UAD_ 498853_1 | प्रथम | रेबावनखेड़ी रोड की ओर से सीढ़ी के छोटी दुकान साईड A | अनारक्षित | 2.00 लाख | 5000.00 | 2000.00 |

// समय तालिका //

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर फार्म लेने की तिथि | 09.04.2026 |
| 2 | टेंडर फार्म लेने एवं दर लिये जाने की अंतिम तिथि | 24.04.2026 |
| 3 | निविदा दर खोले जाने की तिथि | 27.04.2026 |

नोट : 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
2 प्रिमियम राशि एवं विकास शुल्क की संयुक्त गणना उपरांत की उच्चतम राशि पर दुकान आवंटित की जावेगी।
3. विकास शुल्क की जानकारी नगर परिषद सोहागपुर के राजस्व शाखा से लेवें।

श्रीमति लता यशवंत पटेल, अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर
श्रीमति अमृता राकेश चौरसिया, सभापति लो.नि.वि., नगर परिषद सोहागपुर
श्री धर्मेंद्र शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सोहागपुर

## खबर संक्षेप

### भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा का अनावरण आज

**सागर।** भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह सागर के अटल पार्क, तिली रोड पर 11 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, दिल्ली रामबहादुर राय, जलशक्ति मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर द्वारा की जाएगी।

### जिला स्तरीय हितग्राही सम्मेलन 13 अप्रैल को

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोहपूर्वक हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में 13 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। आयोजन हेतु नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी को नियुक्त किया गया है।

### डॉ. अंबेडकर की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

# डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों और योगदान के बारे में जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल तक जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इन कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में बताया जाएगा।

इसी क्रम में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल व कमलेश सेजकर, जिला पंचायत के अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य शासकीय



सांदिपनि विद्यालय करताना पी.सी. दांदरे एवं सहायक प्रध्यापक, आदर्श महाविद्यालय संतोष कुमार राठौर ने प्रवक्ता के रूप डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण, पशुपालन विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह ने उपस्थित जनों को सर्वाइकल कैंसर एवं एचपीवी वैक्सीन की जानकारी दी। उन्होने उपस्थित लोगों को 14 से 15 वर्ष तक बालिकाओं को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों से सम्पर्क कर शासन की इन योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर का उद्देश्य था कि समाज का हर वर्ग शिक्षित हो, हमें उनके इस उद्देश्य को पूरा करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने कहा कि आज हम ऐसे महापुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हुए है जिन्हें देश के संविधान निर्माता कहा जाता है।

### जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

जिले में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के सभी विभागीय छात्रावास एवं आश्रमों में 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि इस दौरान खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबन्ध लेखन, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और पालक समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने सभी छात्रावास व आश्रम अधीक्षक अधीक्षिकाओं को संस्था में साफ-सफाई, रंगाई - पुताई और परिसर की सजावट सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### कलेक्टर ने समीक्षा की

# राजस्व के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के कामकाज की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनता से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण गुणवत्ता के साथ और तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होने लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, बंटावारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, धारणाधिकार तथा राजस्व वसूली की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी राजस्व के कार्यों की प्रगति की निरन्तर समीक्षा करें।

**निर्देशित किया कि सभी अधिकारी राजस्व के कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करें**

### जिला कोषालय का निरीक्षण किया

कलेक्टर श्री जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोषालय के डबल लॉक की व्यवस्थाएं देखी। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी रूमसिंह डुडवे तथा सहायक कोषालय अधिकारी बृजेश चौरे सहित कोषालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने रंगोली, चित्रकला व नारा लेखन से जल संरक्षण का संदेश दिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सूखे कुँओं को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत डॉ. बी.आर. अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में इको क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिये पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पोस्टर व रंगोली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा प्रयास सामाजिक समिति कुकरावद नवांकुर संस्था सेक्टर मगरधा द्वारा जल गंगा अभियान के तहत जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न स्थानों पर नारा लेखन किया गया।

### जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ

# उपज बेचने आए किसानों का पुष्पमाला पहना सम्मान कर गेहूं खरीदी की गई



**हरदा।** जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया। शुक्रवार को जिले के सेवा सहकारी समिति मर्यादित बालागांव द्वारा लक्ष्मी वेयरहाउस कुकरावद, सेवा सहकारी समिति मर्यादित मोहनपुर द्वारा प्रेमसुधा वेयरहाउस कुकरावद तथा सेवा सहकारी समिति नांदरा द्वारा श्री जी वेयरहाउस गुल्लास में गेहूं उपार्जन केंद्रों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य वेयरहाउस में भी गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अपनी उपज बेचने आये किसानों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया तथा गेहूं खरीदी की शुरुआत की गई।

### गेहूं उपार्जन केंद्रों का शुभारंभ, किसानों का स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

ब्लाक में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया। शुक्रवार को समृद्धि वेयरहाउस मुहालकला में गेहूं उपार्जन केंद्रों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य वेयरहाउस में भी गेहूँ उपार्जन केन्द्रों का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अपनी उपज बेचने आये किसानों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया तथा गेहूं खरीदी की शुरुआत की गई। वहीं दूसरी ओर खिरकिया कृषि उपज मंडी में गेहूं की बंपर आवाज दर्ज की गई । मंडी में करीब 5000 क्विंटल गेहूं बिकने को पहुंचा शुक्रवार को गेहूं प्रति क्विंटल 2380 रुपए तक बिका ।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 4314 बालिकाओं का टीकाकरण किया गया



**हरदा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुक्रवार 10 अप्रैल तक जिले में कुल 4314 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि हरदा में 620, टिमरनी में 826, खिरकिया में 841, सिराली में 494, रहटगांव में 525, हंडिया में 1008 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इस प्रकार जिले में कुल 6715 के लक्ष्य विरूद्ध 4314 कुल 64.24 प्रतिशत बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है। एचपीवी टीका एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है जो कैंसर से बचाने में मदद करता है। यह टीका जिला चिकित्सालय हरदा तथा टिमरनी, सिराली, खिरकिया व हंडिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क लगाया जा रहा है।

### आयुष विभाग ने शिविर लगाकर विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया




**हरदा।** होम्यापैथी के जनक हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर हैनीमैन जयंती पर प्रतिवर्ष विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया जाता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर शुक्रवार को आयुष विभाग हरदा अंतर्गत होम्योपैथिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर चारखेड़ा एवं गहाल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के निर्देश अनुसार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे आसपास के ग्रामो से लगभग 308 मरीजों का स्वास्थ्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का शुभारम्भ ग्राम सरपंच एवं अन्य अतिथियो की उपस्थिति किया गया।

### किसानों के पंजीयन पर व्यापारियों द्वारा चना बेचने से बिगड़े हालात

# चना खरीदी केंद्र में तीन दिन से उपज नहीं तौलेने से किसान त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

यहां विवेकानंद सहकारी संस्था के चना खरीदी केंद्र में तीन दिनों से उपज नहीं तौले जाने से किसान त्रस्त हैं। उनका आरोप है कि किसानों के पंजीयन पर व्यापारियों द्वारा चना बेचने से हालात अधिक बिगड़ रहें है और वे भीकनगांव जाने के लिए विवश हो रहें हैं। इन किसानों में अमित पटेल एवं भरत पटेल पुनासला, सुकलाल भिलाला चैनपुर, आनंद राजपूत आभापुरी आदि ने बताया कि कृषि उपज उप मंडी परिसर में 23 ट्रेक्टर और अन्य वाहन चना तौलने के इंतजार में खड़े हैं। इनमें से बाद में आने वाले व्यापारियों के वाहन तौले जा रहें हैं और दूरदराज गांवों से आने वाले किसान परेशान हो रहें हैं। गुरूवार को 2 और शुक्रवार को चार वाहन तौले गए हैं। जबकि यहां परिसर में चना तौलने की बजाय ग्राम मारुगढ़ के गोदाम में वाहनों को ले जाना पड़ रहा है। वहां एक चालक ने कहा कि मैं पीपरी के व्यापारी का चना लेकर आया हूं और मेरा वाहन तौल लिया जाएगा। मुझे कोई समस्या नहीं है और आप किसानों से पूछो। यह कहकर उसने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। संस्था के प्रबंधक बहादार डावर ने बताया कि ठेकेदार द्वारा ट्रक से



चना परिवहन नहीं करने से हालात बिगड़े हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का पजीयन देखकर खरीदी कर रहें हैं और इनमें कौन किसान और कौन व्यापारी हां? यह पता लगाना मुश्किल है। संस्था के प्रशासक बीएल जमरे ने कहा कि किसानों की समस्या हल करने के प्रयास किये जावेंगे।

# पूर्व कृषि मंत्री पटेल ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया



खिरकिया शहर में जन समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री कमल पटेल के सामने 100 से ज्यादा परेशान हितग्राही जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। अपनी समस्याओं को लेकर इस शिविर में पहुंचे। सबसे ज्यादा नगर परिषद से जुड़ी हुई समस्याएं निराकरण के लिए शिविर में पहुंची।

सालों से नाली निर्माण न होना, ओवर ब्रिज निर्माण संबंधित अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए पूर्व मंत्री कमल पटेल द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए। नार्मदीय समाज धर्मशाला खिरकिया में समाधान दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने उपस्थित होकर हरदा विधानसभा क्षेत्र के आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल निराकरण किया। इस समाधान अवसर पर सैकड़ों आम नागरिकों की समस्या का समाधान किया गया। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि यही भारतीय जनता पार्टी का मुख्य कार्य होता है कि आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करना यही हमारी सच्ची सेवा है। मंडल अध्यक्ष संजय यादव रविंद्र दुआ एल्डरमैन विष्णु मोरी सोनू तिवारी विनय राजपूत समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# विश्व नवकार दिवस पर गूंजा महामंत्रः मालथौन के सैकड़ों समाजजनों ने किया सामूहिक जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

मालथौन में 'विश्व नवकार दिवस' के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज ने रिछारिया मंदिर परिसर में सामूहिक जाप का आयोजन किया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) के वैश्विक आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। डेढ़ घंटे तक चले इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य वैश्विक शांति और मानव कल्याण की कामना करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के अनावरण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गुरुवर के चरणों में अर्घ्य समर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। समाज के वक्ताओं ने जानकारी दी कि यह आयोजन केवल स्थानीय स्तर पर सीमित नहीं था, बल्कि विश्व के 108 देशों में एक ही समय पर णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। इस वैश्विक अनुष्ठान का उद्देश्य पूरी मानवता के लिए सुख-समृद्धि और मंगल भावना व्यक्त करना था। सामूहिक स्वर में हुए मंत्रोच्चार से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महामंत्र की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि णमोकार महामंत्र केवल किसी विशेष धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण ब्रह्मांड और हर धर्मावलंबी के लिए कल्याणकारी है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष की शिकायत पर जनभागीदारी से हो रहे कार्य रोकने का मामला

# मुक्तिधाम में विकास कार्य रोकने से क्षुब्ध नागरिक सत्याग्रह पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देश में सामाजिक बदलाव लाने के लिए जनकल्याण के सामुदायिक कार्यक्रमों एवं सरकारी अभियानों में जनभागीदारी की अपील करने वाला शासन-प्रशासन मुक्तिधामों में जनभागीदारी और सामाजिक सहयोग से चल रहे विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर बुलडोजर चलाये जाने को लेकर कटघरे में है। विगत 4 अप्रैल को हुई बुल्डोजर कार्रवाई के बाद अब नागरिक घटना को लेकर सत्याग्रह पर उतर चुके है। मौन जुलूस और ज्ञापन के बाद अब




अपनी मांगों के समर्थन में धरने पर बैठे नागरिकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की मांग की है। झुनकु वार्ड स्थित मुक्तिधाम में सवच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर चल रही सौन्दर्यीकरण की मुहिम में जन सहयोग से बनाए जा रहे भगवान आदि योगी स्मारक, अस्थि संचय कक्ष, लकड़ी भंडार गृह,गार्ड रूम की नींव प्रशासन द्वारा विगत 4 अप्रैल को बिना नोटिस तोड़े जाने की कार्रवाई को लेकर नागरिकों में भारी असंतोष व्याप्त है। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पर नागरिक जमकर सवाल उठा रहे है।